सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई

श्रावस्ती। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। पुलिस लाइन में एसपी राहुल भाटी ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। एसपी ने कहा कि देश की एकता और देसी रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। उनके आदर्शों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। शपथ ग्रहण के बाद एसपी के नेतृत्व में पुलिस लाइन से सिविल लाइन चौकी तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान एएसपी चंद्रकेश सिंह, सीओ आलोक कुमार सिंह, भरत पासवान और प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (संवाद)



रन फॉर यूनिटी में शामिल पुलिस कर्मी। स्रोत-पुलिस